दिनांक 5 मार्च 2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

ग्रीष्म ऋतु में बेहतर जल प्रदाय व्यवस्था बनाए रखने आयुक्त के निर्देश पर अधिकारियों ने शिवनाथ इंटकवेल का किया निरीक्षण

-सभी उपकरणों को रखा जा रहा है दुरुस्त

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत जल प्रदाय व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर जल विभाग के अधिकारियों ने शिवनाथ इंटकवेल का निरीक्षण किया! ग्रीष्म ऋतु में जल समस्या न हो इसके लिए सभी उपकरणों को दुरुस्त रखा जा रहा है! शिवनाथ इंटकवेल से रॉ वाटर 77 एवं 66 एमएलडी जल शोधन संयंत्र में भेजा जाता है! पूरे भिलाई निगम में इसी के माध्यम से पानी सप्लाई किया जाता है! इंटकवेल में उपकरणों को सुधार करने के साथ ही नए मोटर पंप एवं ट्रांसफार्मर भी लगाए गए हैं ताकि जल प्रदाय की निरंतरता बनी रहे! खासकर ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए सभी उपकरणों को चेक किया जा रहा है! शिवनाथ इंटकवेल में वर्तमान में 750 एचपी के 6 मोटर पंप स्थापित है, प्रतिदिन तीन मोटर पंप से पानी सप्लाई किया जाता है , तथा तीन मोटर पंप स्टैंडबाई मॉड में होते हैं! किसी भी मोटर पंप के खराब होने की दशा में अन्य स्टैंडबाई मोटर पंप का उपयोग किया जाता है! इसी में से दो मोटर पंप का संधारण कार्य किया जा रहा है! मोटर का ऑयल , ग्रीसिंग, टेंपरेचर, वाइब्रेशन चेक किया जा रहा है! चेकिंग के बाद इनका रिकॉर्ड मेंटेन किया जा रहा है! इंटकवेल में 2 नए ट्रांसफार्मर 2500 केवीए के लगाए जा चुके हैं!

जनसंपर्क अधिकारी